प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 06.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार में सियासी सरगर्मी तेज, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में किया रोड शो, झामुमो प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने भाजपा पर किया पलटवार।
- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर कल झारखंड समेत देशभर में कार्यक्रम होंगे आयोजित, विधायक सी.पी. सिंह ने कहा– यह आयोजन राष्ट्रभक्ति और एकता का है प्रतीक।
- कार्तिक पूर्णिमा पर भक्ति और दीपों से झिलमिलाया झारखंड, राज्य के कई जिलों में कल देव दीपावली और गंगा आरती का हुआ आयोजन।
- जामताड़ा पुलिस ने अपहरण कांड का किया खुलासा, दो अपहृत सकुशल बरामद, हथियार, जिंदा कारतूस, वाहन और मोबाइल समेत पांच अपराधी गिरफ्तार।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला विश्व कप क्रिकेट विजेताओं से की मुलाकात, कहा–टीम की जीत ने देश को किया गौरवांवित।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार में अब सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में कल भव्य रोड शो किया जिस में भीड़ ने भाजपा के समर्थन में नारे लगाए। जादूगोड़ा से अटल गेट तक आयोजित इस रोड शो में सांसद विद्युत महतो, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही और विधायक अमित यादव भी शामिल हुए। मौके पर रघुवर दास ने कहा कि झारखंड की जनता भ्रष्ट हेमंत सरकार से ऊब चुकी है। उन्होंने 11 नवंबर को ईवीएम क्रम संख्या 1 पर मतदान कर बाबूलाल सोरेन को विजयी बनाने की अपील की।

****

इधर झामुमो ने भी भाजपा पर तीखा हमला बोला है और केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को कुम्हार समाज को एसटी सूची में शामिल करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने धालभूमगढ़ एयरपोर्ट को लेकर भाजपा की मंशा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की महिला नेता इसके खुलने का विरोध कर रही हैं। उन्होंने घाटशिला अनुमंडल को भविष्य में जिला बनाने और क्षेत्र के विकास के लिए झामुमो सरकार के ठोस कदम उठाने की भी घोषणा की।

****

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी देशभर में कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसके तहत भाजपा रांची महानगर की ओर से कल एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें विधायक सी. पी. सिंह ने बताया कि कल रांची समेत देशभर में 150 स्थानों पर 150 लोग वंदे मातरम का सामूहिक गायन करेंगे।

****

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राज्य समेत देश भर में भक्तिमय माहौल देखा गया। गुमला जिले के बसिया प्रखंड मुख्यालय स्थित दक्षिण कोयल नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देव दीपावली एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 21 हजार दीयों से तट जगमगा उठा और बनारस से आए आचार्यों की टीम ने गंगा पूजन एवं आरती की। इधर हजारीबाग मुख्यालय से छह किलोमीटर दूर खपरियावां स्थित 450 साल पुराने नृसिंह स्थान मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला आयोजित हुआ, जिसे स्थानीय लोग कैतारी मेला भी कहते हैं।

उधर धनबाद जिले के झारखंड–बंगाल सीमा पर स्थित बराकर नदी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

****

दुमका में आज से चौकीदार बहाली की मुख्य दौड़ और शारीरिक माप परीक्षा शुरू होगी, जो 8 नवंबर तक चलेगी। कमार दुधनी स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित इस परीक्षा में 1004 अभ्यर्थी भाग लेंगे। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि पूरी परीक्षा कंप्यूटर आधारित और पारदर्शी होगी, जिसमें मानवीय हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित जी. एस.टी. दरों से देशभर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। आज हम आपको बताएंगे कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से किस तरह इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग क्षेत्र में तेजी आ रही हैं।

****

जामताड़ा पुलिस ने अपहरण कांड का खुलासा करते हुए दो अपहृत व्यक्तियों को सकुशल बरामद किया है और पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि अभियुक्तों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक चारपहिया वाहन और तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं।

****

गिरिडीह उपायुक्त राम निवास यादव ने कुष्ठ रोग अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मियों को समन्वय स्थापित कर काम करने का निर्देश दिया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली के लोक कल्याण मार्ग में अपने आवास पर महिला विश्व कप क्रिकेट के विजेताओं की मेजबानी की। श्री मोदी ने महिला क्रिकेट टीम को उनकी जीत पर बधाई दी और लगातार तीन हार के बाद टूर्नामेंट में उनकी उल्लेखनीय वापसी की प्रशंसा की।

****

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के इस्तीफा दिये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–डीजीपी अनुराग गुप्ता का इस्तीफा, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं।

प्रभात खबर की सुर्खी है–जेएससीए अध्यक्ष को ईडी का नोटिस, 11 को होगी पूछताछ

हिन्दुस्तान ने लिखा है–पीवीयूएनएल से आठ सौ मेगावार्ट बिजली का कॉमिर्शियल उत्पादन शुरू।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–अनुराग गुप्ता के डीजीपी के पद से इस्तीफे की हो रही चर्चा, आधिकारिक पुष्टि नहीं।

**********समाप्त**************